राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक–02.01.2024

विधि एवं विधिक कार्य विभाग हेतु आयोग द्वारा टी.एस.पी. क्षेत्र एवं नॉन टी.एस.पी. क्षेत्र हेतु आयोजित **कनिष्ठ विधि अधिकारी (Junior Legal Officer) प्रतियोगी परीक्षा–2023** की लिखित परीक्षा (Objective Type) का परिणाम दिनांक 30.11.2023 को जारी करते हुए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु अस्थाई रुप से सफल घोषित किया गया।

उक्त परिणाम के अन्तर्गत टी.एस.पी.–अजजा वर्ग (TSP-ST) हेतु विज्ञापित पदों के विरुद्ध सम्बन्धित सेवानियमानुसार न्यूनतम 40 प्रतिशत प्राप्त अभ्यर्थी निर्धारित आनुपातिक संख्या में उपलब्ध नहीं होने के कारण सम्बन्धित सेवानियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुए टी.एस.पी.–अजजा वर्ग (TSP-ST) के अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रश्न–पत्र के अन्तर्गत न्यूनतम उत्तीर्णांक में 05 प्रतिशत की छूट प्रदान करते हुए उक्त वर्ग के 01 अभ्यर्थी रोल नम्बर–2071128 को साक्षात्कार हेतु पूर्णतः अस्थाई (Purely Provisional) रुप से सफल घोषित किया जाता है।

उपरोक्तानुसार साक्षात्कार हेतु अस्थाई रुप से सफल घोषित किये गये अभ्यर्थी की पात्रता संबंधी जांच अभी नहीं की गई है। साक्षात्कार हेतु उपरोक्तानुसार सफल घोषित अभ्यर्थी को विस्तृत आवेदन पत्र, दस्तावेज सत्यापन एवं आगामी प्रक्रिया के सम्बन्ध में यथा समय अवगत करवा दिया जाएगा।

आयोग द्वारा पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तो के अनुसार किये जाने पर पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु सम्मिलित किया जाएगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव